Combined SO (Gr-B) LDCE, 2019-20

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : GHYT-B-PXT**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

1000173

# A

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कार्यविधि और पद्धति, कोटि III)

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 150*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेलवे की सकल प्राप्तियों में शामिल है

1. कोचिंग से अर्जन
2. माल से अर्जन
3. विविध अर्जन

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

2. रेलवे के निम्नलिखित व्ययों पर विचार कीजिए :

1. मार्ग और निर्माण कार्यों की मरम्मत और रखरखाव
2. परिचालन व्यय – ईंधन
3. परिचालन व्यय – यातायात
4. निधियों में विनियोग

सामान्य कार्यचालन व्यय के उपर्युक्त भागों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

मूल्यह्रास आरक्षित निधि

1. रेलवे राजस्व से वार्षिक रूप से अंशदान की जाने वाली राशि में जमा की जाती है ।
2. किसी आस्ति के निपटान से प्राप्त राशि में जमा की जाती है ।
3. निधि के शेष पर अर्जित ब्याज की राशि में जमा की जाती है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

4. श्रमिक कल्याण कार्यों के भागों के लिए निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. नए अस्पतालों का प्रावधान
2. नए संस्थानों और मनोरंजन कक्षों का प्रावधान
3. मौजूदा क्वार्टरों में सुधार
4. जलपान कक्षों और अध्ययन कक्षों का प्रावधान

श्रमिक कल्याण कार्यों के उपर्युक्त में से कौन-से भाग सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

5. विद्युत रेल इंजनों (लोकोमोटिव्ज़) के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त पुर्जों पर विचार कीजिए जिन्हें पूँजी में प्रभारित किया जाता है :

1. कर्षण (ट्रैक्शन) मोटर-युक्त बोगियाँ
2. पैंटोग्राफ
3. लोकोमोटिव की उपभोज्य सामग्री

पूँजी में प्रभारित किए जाने वाले विद्युत रेल इंजनों के उपर्युक्त अतिरिक्त पुर्जों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

6. भारत की संचित निधि पर प्रभारित व्यय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) उधार ली गई पूँजी पर ब्याज
(b) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक को संदेय वेतन और भत्ते
(c) किसी न्यायालय के किसी निर्णय की तुष्टि के लिए अपेक्षित कोई राशि
(d) मध्यस्थों द्वारा पंचाट के लिए संदत्त किए जाने के लिए अपेक्षित कोई राशि

1. Consider the following statements :

Gross receipts of Railways include

1. Coaching earnings
2. Goods earnings
3. Sundry earnings

Which of the above statements are correct ?

(a) 2 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

2. Consider the following expenses of Railways :

1. Repairs and maintenance of way and works
2. Operating expenses – fuel
3. Operating expenses – traffic
4. Appropriation to funds

Which of the above parts of the ordinary working expenses are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

3. Consider the following statements :

Depreciation Reserve Fund is credited with

1. the amount contributed annually from the Railway revenues.
2. the amount realized from the disposal of an asset.
3. the amount of interest earned on the balance of the fund.

Which of the above statements are correct ?

(a) 2 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

4. Consider the following for the parts of the Labour Welfare works :

1. Provision of new hospitals
2. Provision of new institutes and recreation rooms
3. Improvements to existing quarters
4. Provision of refreshment rooms and reading rooms

Which of the above parts of the labour welfare works are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

5. Consider the following spares for the electric locomotives charged to capital :

1. Bogies complete with Traction Motors
2. Pantograph
3. Consumables of the Locomotive

Which of the above spares for the electric locomotives charged to capital is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

6. Which one of the following statements is ***not*** correct with respect to charged expenditure on the Consolidated Fund of India ?

(a) Interest on the borrowed capital

(b) Salary and allowances payable to Comptroller and Auditor General of India

(c) Any sum required to satisfy any judgment of any court

(d) Any sum required to be paid towards award by Arbitrators

7. समूह 'ख' पदों की पदोन्नति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) समूह 'ख' पदों पर नियुक्ति के लिए चयन दो वर्ष में एक बार किया जाना चाहिए ।

(b) चयन समिति में तीन विभाग प्रमुख शामिल होने चाहिए ।

(c) तीन वर्षों की रिक्तियों का आकलन किया जाना चाहिए ।

(d) पदों को भरने में पद-आधारित आरक्षण नियम लागू होते हैं ।

8. समूह 'ग' स्टाफ की पदोन्नति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) एक अंतराल पर जो एक वर्ष से कम का नहीं हो, उपयुक्तता परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए ।

(b) ठीक निचले ग्रेड का कर्मचारी जिसने उस ग्रेड में कम-से-कम एक वर्ष की सेवा कर ली है, ग़ैर-चयन पद के लिए पात्र होगा ।

(c) 'चयन पद' वे पद, ग्रेड और श्रेणियाँ हैं, जिन्हें रेलवे बोर्ड द्वारा इस प्रकार घोषित किया गया है ।

(d) चयन पदों के लिए रिक्तियों के आकलन में मौजूदा रिक्तियाँ और अगले तीन वर्षों के दौरान होने वाली रिक्तियाँ शामिल हैं ।

9. संस्वीकृत किए जा सकने वाले विभिन्न अग्रिमों की मंजूरी के नियमों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) पर्सनल कंप्यूटर की खरीद के लिए

(b) दौरा/स्थानांतरण के संबंध में यात्रा भत्ता अग्रिम

(c) प्राकृतिक आपदा के कारण हुई हानि की पूर्ति के लिए अग्रिम

(d) विदेश के निजी दौरे के संबंध में

10. सेवारत रेलवे कर्मचारी के आवेदन को रेलवे से बाहर पदों के लिए अग्रेषित करने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) रेलवे कर्मचारियों को सरकारी विभागों की सूचनाओं के उत्तर में आवेदन करने के लिए वर्ष में चार अवसर दिए जा सकेंगे ।

(b) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड और उससे ऊपर के अधिकारियों के आवेदन निपटान के लिए रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किए जा सकेंगे ।

(c) जब कोई रेलवे सेवक निजी प्रतिष्ठान के किसी पद के लिए आवेदन करने की इच्छा रखता है, तो उसे सबसे पहले रेल सेवा से त्यागपत्र देने या सेवानिवृत्त होने का प्रस्ताव करना चाहिए ।

(d) रेलवे सेवक अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विदेशी सरकारों द्वारा रिक्तियों के खुले या सार्वजनिक विज्ञापनों के उत्तर में संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से आवेदन कर सकते हैं ।

11. रेलवे सेवक के परिवार के सदस्यों में कौन शामिल ***नहीं*** है ?

(a) पत्नी या पति

(b) पुत्र या पुत्री (आश्रित)

(c) बालक जो किसी विधि के अधीन रेलवे सेवक की अभिरक्षा में नहीं है

(d) आश्रित माता-पिता

12. रेल सेवा (आचरण) नियमावली, 1966 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाए रखना

(b) उच्च नैतिक मानदंड और ईमानदारी बनाए रखना

(c) स्वयं को किसी ऐसे व्यक्ति की वित्तीय या अन्य बाध्यताओं के अधीन रखना, जो सरकारी कर्तव्यों के निष्पादन में उसे प्रभावित कर सकती हैं

(d) अपने सार्वजनिक कर्तव्यों के संबंध में किसी प्रकार का निजी हित घोषित करना

7. Which of the following statements is ***not*** correct with regard to promotion of Group 'B' posts ?

(a) Selection for appointment to Group 'B' posts should be held once in two years.

(b) The selection committee should consist of three Heads of the Departments.

(c) Vacancies for three years should be assessed.

(d) Rules of post-based reservation apply in filling the posts.

8. Which one of the following statements is correct with regard to promotion of Group 'C' staff ?

(a) A suitability test should be held at an interval which should not be less than one year.

(b) Staff in immediate lower grade with a minimum service of one year in that grade will be eligible for a non-selection post.

(c) 'Selection posts' are posts, grades or classes which have been declared as such by the Railway Board.

(d) The assessment of vacancies for selection posts will include the existing vacancies and those anticipated during the course of the next 3 years.

9. Which one of the following is ***not*** correct with regard to rules for the grant of various advances which can be sanctioned ?

(a) For purchase of personal computer

(b) Advances of TA on tour/transfer

(c) Advances for meeting losses due to natural calamities

(d) On personal tour abroad

10. Which one of the following is ***not*** correct with regard to forward application from serving Railway employees for posts outside Railways ?

(a) Railways employees may be given four opportunities in a year to apply in response to notices of Government Departments.

(b) Applications of officers of the Junior Administrative Grade and above may be forwarded to the Railway Board for disposal.

(c) When a Railway servant desires to apply for a post in a private concern, he should first offer to resign or retire from railway service.

(d) Railway servants may apply in response to open or public advertisement of vacancies by the International Organization and Foreign Government with the prior permission of the cadre controlling authority.

11. Members of family to a Railway Servant does ***not*** include

(a) wife or husband

(b) son or daughter (dependent)

(c) child who is not under custody of Railway servant under any law

(d) dependent parents

12. Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to Railway Services (Conduct) Rules, 1966 ?

(a) Maintain absolute integrity

(b) Maintain high ethical standards and honesty

(c) Place himself under any financial or other obligations to any individual which may influence him in performing official duties

(d) Declare any private interests relating to his public duties

13. कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रतिषेध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) कोई भी सरकारी सेवक किसी कार्य स्थान में किसी महिला के यौन उत्पीड़न के किसी कृत्य में संलिप्त नहीं होगा ।

(b) यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए समिति की अध्यक्षता ऐसे अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए जो रैंक में कर्ता (कृत्य करने वाले) से पर्याप्त उच्चतर है ।

(c) पीड़िता द्वारा की गई शिकायत के समाधान के लिए संगठन में उपयुक्त शिकायत तंत्र बनाया जाना चाहिए ।

(d) शिकायत समिति में तृतीय पक्ष, या तो एनजीओ या अन्य निकाय को शामिल किया जाना चाहिए जो यौन उत्पीड़न के मामलों से परिचित हो ।

14. अनुशासन एवं अपील मामले में निम्नलिखित में से किस एक आदेश के विरुद्ध अपील *नहीं* की जा सकेगी ?

(a) रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 9 के अधीन जाँच के दौरान जाँच प्राधिकारी द्वारा पारित कोई आदेश ।

(b) रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 5 के अधीन किया गया, या किया हुआ समझा गया, निलंबन आदेश ।

(c) रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 6 में विनिर्दिष्ट किसी शास्ति को अधिरोपित करने वाला आदेश चाहे वह अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा या अपील प्राधिकारी द्वारा किया गया हो ।

(d) रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 6 के अधीन अधिरोपित की गई शास्ति को बढ़ाने वाला आदेश ।

15. सक्षम प्राधिकारी के आदेश से निलंबनाधीन रखे गए रेल सेवक को संदत्त निर्वाह भत्ते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्वाह भत्ता छुट्टी वेतन के बराबर की राशि है जिसे रेल सेवक ने आहरित किया होता यदि वह अर्ध औसत वेतन या अर्ध वेतन पर छुट्टी पर होता ।

2. अर्ध औसत वेतन पर ऐसे छुट्टी वेतन के लिए महँगाई भत्ता संदेय नहीं होता है भले ही वह स्वीकार्य हो ।

3. निर्वाह भत्ते की राशि में समुचित वृद्धि की जानी चाहिए जो पहले 3 मास की अवधि के दौरान स्वीकार्य निर्वाह भत्ते के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

4. निर्वाह भत्ते का संदाय रेल सेवक द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने के अधीन किया जाएगा कि वह किसी अन्य नियोजन, व्यवसाय, वृत्ति या रोज़गार में नहीं लगा है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 2, 3 और 4

13. Which one of the following statements is *not* correct with regard to prohibition of sexual harassment of working women ?

(a) No Government servant shall indulge in any act of sexual harassment of any woman at any workplace.

(b) Committee for redressal of complaints of sexual harassment should be headed by an officer sufficiently higher in rank than the perpetrator.

(c) An appropriate complaint mechanism should be created in the organization for redressal of the complaint made by the victim.

(d) Complaints committee should involve a third party, either NGO, or other body who is familiar with the issue of sexual harassment.

14. No appeal shall lie against which one of the following orders in a D&A case ?

(a) Any order passed by an inquiring authority in the course of an inquiry under Rule 9 of the Railway Servants (D&A) Rules.

(b) An order of suspension made or deemed to have been made under Rule 5 of the Railway Servants (D&A) Rules.

(c) An order imposing any of the penalties specified in Rule 6 of the Railway Servants (D&A) Rules whether made by the disciplinary authority or by appellate authority.

(d) An order enhancing any penalty imposed under Rule 6 of the Railway Servants (D&A) Rules.

15. Consider the following statements regarding subsistence allowance paid to a Railway Servant placed under suspension by order of the competent authority :

1. Subsistence allowance is an amount equal to the leave salary which the Railway Servant would have drawn if he had been on leave on half average pay or on half pay.

2. Dearness Allowance is not payable on such leave salary on half average pay even if admissible.

3. The amount of subsistence allowance must be increased by a suitable amount not exceeding 50 percent of the subsistence allowance admissible during the period of the first 3 months.

4. The subsistence allowance shall be paid subject to the Railway Servant furnishing a certificate that he is not engaged in any other employment, business, profession or vocation.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 2, 3 and 4 only

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेल सेवक को निलंबनाधीन रखा जा सकेगा

1. जहाँ उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही अनुध्यात या लंबित है ।

2. जहाँ रेल सेवक को निलंबनाधीन रखने के लिए सक्षम प्राधिकारी की राय में, वह ऐसी गतिविधियों में लगा हुआ है जो राज्य की सुरक्षा के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं ।

3. जहाँ उसके विरुद्ध किसी दांडिक अपराध की बाबत मामला अन्वेषण, जाँच या विचारण के अधीन है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित में से कौन-सी एक शास्ति, यदि अधिरोपित की जाती है, तो रेल सेवक की वरिष्ठता को प्रभावित करती है ?

(a) समय वेतनमान में एक स्तर तक घटाना
(b) किसी निम्नतर सेवा, ग्रेड, पद, वेतनमान में अवनति, जहाँ अवनत रहने की अवधि नहीं दी गई है
(c) संचयी प्रभाव के साथ/के बिना वेतन वृद्धि रोकना
(d) हानि की वसूली

18. रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 14 के अधीन, अनुशासनिक प्राधिकारी मामले की परिस्थिति पर विचार कर सकता है और ऐसे आदेश पारित कर सकता है जो कतिपय मामलों में विशेष प्रक्रिया के लिए उचित समझे जाते हैं । इस मामले में क्या शामिल ***नहीं*** है ?

(a) जहाँ अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय है कि उचित समझी गई शास्ति ऐसी है कि जो उसकी क्षमता के अंतर्गत नहीं है ।
(b) जहाँ रेल सेवक पर कोई शास्ति आचरण के आधार पर अधिरोपित की जाती है जिसके कारण उसे आपराधिक आरोप में दोषसिद्ध किया जाता है ।
(c) जहाँ राष्ट्रपति संतुष्ट है कि राज्य की सुरक्षा के हित में, इन नियमों में प्रदत्त रीति में जाँच करना समीचीन नहीं होगा ।
(d) जहाँ अनुशासनिक प्राधिकारी, लिखित में उसके द्वारा दर्ज किए जाने वाले कारणों से संतुष्ट है, कि इन नियमों में प्रदत्त रीति में जाँच करना युक्तियुक्त तौर पर व्यावहारिक नहीं होगा ।

19. पास और/या पीटीओ रोकने की लघु शास्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) रोके जाने के लिए पासों की संख्या की कोई सीमा नहीं है ।
(b) पश्च-सेवानिवृत्ति मानार्थ पासों को सेवा के दौरान किए गए अपराधों के लिए शास्ति की कार्यवाही के रूप में रोका नहीं जा सकता है ।
(c) यदि अधिरोपित शास्ति पास/पीटीओ रोकने के लिए है, तो रेल सेवक को देय होने पर पदोन्नत किया जा सकेगा ।
(d) पीटीओ को लघु शास्ति अधिरोपित करने की प्रक्रिया का पालन किए बिना संक्षेपत: रोका जा सकता है ।

16. Consider the following statements :

A Railway servant may be placed under suspension

1. where a disciplinary proceeding against him is contemplated or pending.
2. where, in the opinion of the authority competent to place a Railway servant under suspension, he has engaged himself in activities prejudicial to the interest of the security of the State.
3. where a case against him in respect of any criminal offence, is under investigation, inquiry or trial.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

17. Which one of the following penalties, if imposed, affects the seniority of the Railway servant ?

(a) Reduction in one stage in time scale of pay

(b) Reduction to lower service, grade, post, scale, where period of reduction is not given

(c) Withholding of increments with/without cumulative effect

(d) Recovery of loss

18. Under Rule 14 of the Railway Servants (D&A) Rules, the disciplinary authority may consider the circumstance of the case and make such orders as deemed fit for special procedure in certain cases. The case does ***not*** include

(a) where disciplinary authority is of the opinion that the penalty warranted is such as not within its competence.

(b) where any penalty is imposed on a Railway servant on the ground of conduct which has led to his conviction on a criminal charge.

(c) where the President is satisfied that in the interest of the security of the State, it is not expedient to hold an inquiry in the manner provided in these rules.

(d) where the disciplinary authority is satisfied, for reasons to be recorded by it in writing, that it is not reasonably practicable to hold an inquiry in the manner provided in these rules.

19. Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to the minor penalty of withholding of passes and/or PTOs ?

(a) There is no limit for number of passes to be withheld.

(b) Post-retirement complimentary passes cannot be withheld as a measure of penalty for offences committed during services.

(c) Railway Servants may be promoted when due if the penalty imposed is stoppage of passes/PTOs.

(d) PTOs can be withheld summarily without following procedure for imposition of minor penalties.

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन लघु शास्ति *नहीं* है ?

(a) समय वेतनमान में निम्नतर स्तर में, तीन वर्ष से अनधिक अवधि के लिए एक स्तर तक, संचयी प्रभाव के बिना और उसके वेतन को प्रतिकूलत: प्रभावित किए बिना, अवनत करना ।

(b) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन की वेतन-वृद्धियों को रोकना, इस बारे में अतिरिक्त निदेश सहित कि क्या अवनत करने का ऐसी अवधि के समाप्त होने पर उसके वेतन की भावी वेतन-वृद्धियों को स्थगित करने का प्रभाव होगा या नहीं ।

(c) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन के समय मान में निम्नतर स्तर तक अवनति, इस बारे में अतिरिक्त निदेश के साथ कि क्या अवनत करने का ऐसी अवधि के समाप्त होने पर उसके वेतन की भावी वेतन-वृद्धियों को स्थगित करने का प्रभाव होगा या नहीं ।

(d) उसके द्वारा उपेक्षा या आदेशों के उल्लंघन से सरकार या रेल प्रशासन को पहुँचाई गई किसी प्रकार की आर्थिक हानि को उसके वेतन से पूर्णत:, या अंशत: वसूल करना ।

21. रेल सेवक के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" की बाबत निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऐसा प्राधिकारी जो उस सेवा के लिए जिसका रेल सेवक, तत्समय के लिए सदस्य है या सेवा के उस ग्रेड के लिए जिसमें रेल सेवक, तत्समय के लिए शामिल किया गया है, नियुक्ति करने के लिए शक्तिप्राप्त है ।
2. वह प्राधिकारी जिसने रेल सेवक को, मामले के अनुसार, ऐसी सेवा, ग्रेड या पद के लिए नियुक्त किया ।
3. वह प्राधिकारी जिसने सक्षम उच्चतर प्राधिकारी द्वारा आदेशित नियुक्ति का केवल प्रस्ताव या पदोन्नति का आदेश जारी किया है ।
4. वह प्राधिकारी जो ऐसे पद पर नियुक्ति करने के लिए शक्तिप्राप्त है जिसे रेल सेवक, तत्समय के लिए धारण किए हुए है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

22. अनुशासन और अपील नियमों के संबंध में "अनुशासनिक प्राधिकारी" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जहाँ विहित अनुशासनिक प्राधिकारी जाँच में शिकायतकर्ता या साक्षी है या होगा, तो शास्ति अधिरोपित करते समय अन्य अधिकारी को अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए ।
2. जहाँ रेल सेवकों पर सामान्य कार्यवाहियों में बर्खास्तगी की शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी अलग-अलग हैं, तो ऐसे प्राधिकारियों में वरिष्ठतम प्राधिकारी द्वारा अन्य प्राधिकारियों की सहमति से अनुशासनिक कार्यवाही करने के लिए आदेश दिया जाएगा ।
3. अनुशासनिक प्राधिकारी DAR (अनुशासन एवं अपील नियमावली) कार्रवाई संस्थित करते समय आरोपी पदधारी द्वारा धारित पद के संबंध में है और कदाचरण के समय धारित पद के संबंध में नहीं है ।
4. रेलवे की अनुशासन और अपील नियमावली के अधीन दंड देने की शक्तियाँ समवर्ती नहीं हैं और केवल उल्लिखित प्राधिकारी द्वारा प्रयोग की जा सकती हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

23. माना गया निलंबन के मामले में निम्नलिखित में से कौन-सा मानक प्ररूप (फॉर्म) जारी किया जाता है ?

(a) SF-1
(b) SF-10
(c) SF-7
(d) SF-2

20. Which one of the following statements is ***not*** a minor penalty ?

(a) Reduction to a lower stage in the time scale of pay by one stage for a period not exceeding three years, without cumulative effect and not adversely affecting his pension.

(b) Withholding of increments of pay for a specified period with further directions as to whether on the expiry of such period, the reduction will or will not have the effect of postponing the future increments of his pay.

(c) Reduction to the lower stage in the time scale of pay for a specified period, with further directions as to whether on the expiry of such period, the reduction will or will not have the effect of postponing the future increments of his pay.

(d) Recovery from his pay of the whole, or part of any pecuniary loss caused by him to the Government or Railway Administration by negligence or breach of orders.

21. Consider the following statements with regard to "Appointing Authority" in relation to a Railway Servant :

1. The authority empowered to make appointments to the service of which the Railway Servant is, for the time being, a member or to the grade of the service in which the Railway Servant is, for the time being included.
2. The authority which appointed the Railway Servant to such service, grade or post, as the case may be.
3. The authority which have merely issued the offer of appointment or order of promotion ordered by the competent higher authority.
4. The authority empowered to make appointments to the post which the Railway Servant, for the time being holds.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 3 and 4 only

22. Consider the following statements with regard to "Disciplinary Authority" in relation to Discipline and Appeal Rules :

1. Where the prescribed Disciplinary Authority is or will be the complainant or witness in the inquiry, another officer should be specified as Disciplinary Authority while imposing penalty.
2. Where authorities competent to impose penalty of Dismissal on Railway Servants in common proceedings are different, an order for taking disciplinary action may be made by the highest of such authorities with the consent of the others.
3. Disciplinary Authority is with regard to post held by the charged official at the time of initiation of DAR action and not with regard to post at the time misconduct occurred.
4. Under Railway D&A rules, the powers to punish are not concurrent and may be exercised by only the authority mentioned.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 2, 3 and 4
(d) 1, 3 and 4 only

23. Which one of the following standard forms is issued in case of deemed suspension ?

(a) SF-1
(b) SF-10
(c) SF-7
(d) SF-2

**24.** अनुशासन एवं अपील नियमावली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अपील के लंबित रहने के दौरान पुनरीक्षा नहीं की जाएगी ।

(b) पुनरीक्षा का प्रावधान केवल तब उपलब्ध होगा जब कोई नया साक्ष्य या तत्त्व ध्यान में लाया जाता है, जो मामले के स्वरूप को प्रभावित करने वाला है ।

(c) पुनरीक्षा के दौरान, आरोपी पदधारी को शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का अवसर दिए बिना एक नई या बढ़ी हुई शास्ति अधिरोपित की जा सकती है ।

(d) पुनरीक्षा के दौरान, यदि कोई बड़ी शास्ति अधिरोपित की जानी है, तो नियम 9 के अधीन जाँच की जाएगी, यदि पहले नहीं की गई है, सिवाय तब के जब नियम 14 लागू किया जाता है ।

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1968, के नियम 5(6) और 5(7) निलंबन मामलों की पुनरीक्षा से संबंधित हैं ।

2. सभी प्रकार के निलंबन में 90 दिन के भीतर पुनरीक्षा का प्रावधान लागू होता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2 दोनों

(c) केवल 2

(d) न तो 1, न ही 2

**26.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निलंबनाधीन रेल सेवक, नियुक्ति प्राधिकारी के पूर्व-अनुमोदन के अधीन, जो ऐसे अनुमोदन को रोक सकता है, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अधिकार का प्रयोग कर सकता है ।

2. यदि निलंबनाधीन रेल सेवक अपना त्यागपत्र प्रस्तुत करता है, सक्षम प्राधिकारी इसे स्वीकार कर सकता है, यदि वह अन्यथा इसकी स्वीकृति के औचित्य के बारे में संतुष्ट हो । यदि त्यागपत्र स्वीकार किया जाता है, तो निलंबन के आदेश वापस लिए बिना ऐसा किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2 दोनों

(c) केवल 2

(d) न तो 1, न ही 2

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निलंबनाधीन रेल सेवक निलंबन की अवधि के दौरान उत्पादकता से जुड़े बोनस के संदाय के लिए पात्र नहीं होगा ।

2. निलंबनाधीन रेल सेवक को निलंबन की अवधि के दौरान स्वीकार्य दरों पर शिक्षा सहायता उपलब्ध है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 दोनों

(b) केवल 2

(c) केवल 1

(d) न तो 1, न ही 2

24. Which one of the following statements is ***not*** correct regarding D&A Rules ?

(a) No review shall be conducted during the pendency of Appeal.

(b) The provision of review shall be available only when a new evidence or material having the effect of changing the nature of the case has come to notice.

(c) During review, a new penalty or enhanced penalty can be imposed without giving the charged official a chance to represent against the penalty.

(d) During review, if a major penalty is to be imposed, enquiry as under Rule 9 must be done, if not already done, except when Rule 14 is applied.

25. Consider the following statements :

1. Rules 5(6) and 5(7) of RS (D&A) Rules, 1968, deal with the review of suspension cases.

2. The provision of review within 90 days is applicable to all types of suspension.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) Both 1 and 2

(c) 2 only

(d) Neither 1 nor 2

26. Consider the following statements :

1. A Railway Servant under suspension can exercise the right of voluntary retirement subject to the prior approval of appointing authority, who can withhold such approval.

2. If a Railway Servant under suspension submits his resignation, the competent authority may accept the same, if it is otherwise satisfied about the justification for its acceptance. If the resignation is to be accepted, it must be done, without revoking the orders of suspension.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) Both 1 and 2

(c) 2 only

(d) Neither 1 nor 2

27. Consider the following statements :

1. The Railway Servant under suspension will not be eligible for payment of productivity linked bonus during the period of suspension.

2. Educational assistance is available to the Railway Servant under suspension during the period of suspension at the admissible rates.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Both 1 and 2

(b) 2 only

(c) 1 only

(d) Neither 1 nor 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेल सेवा (आचरण) नियमावली के नियम 21 में, जिसमें विवाह संबंधी प्रतिबंधों का उल्लेख है, कहा गया है कि कोई भी सरकारी सेवक किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह नहीं करेगा या विवाह के लिए वचनबद्ध नहीं होगा जिसका पहला जीवन-साथी अभी जीवित हो ।

2. यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी विदेशी व्यक्ति (भारतीय राष्ट्रीयता के अतिरिक्त) से विवाह कर चुका है या करता है, तो वह इसके बारे में सरकार को सूचना देगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 2
(d) न तो 1, न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रत्येक रेल सेवक हमेशा; पूर्ण सत्यनिष्ठा बनाए रखेगा ।
2. प्रत्येक रेल सेवक हमेशा; राजनीतिक तटस्थता बनाए रखेगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 2
(d) न तो 1, न ही 2

30. तदर्थ पदोन्नति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. क्या अधिकारी की पदोन्नति लोक हित के विरुद्ध है ।
2. क्या आरोप इतने गंभीर हैं कि पदोन्नति के लिए लगातार इनकार किया जाए ।
3. क्या निकट भविष्य में मामले के किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की कोई संभावना नहीं है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

31. रेल बोर्ड निम्नलिखित में से किसको सरकार की अप्रसन्नता सूचित करने के लिए सक्षम प्राधिकरण है ?

(a) एसए ग्रेड के सेवानिवृत्त समूह 'क' अधिकारी
(b) सेवानिवृत्त समूह 'ख' अधिकारी
(c) सेवानिवृत्त समूह 'ग' कर्मचारी
(d) सेवानिवृत्त समूह 'घ' कर्मचारी

32. रेल सेवक के लिए बड़ी शास्ति क्या है ?

(a) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए पदोन्नति रोकना
(b) परिनिंदा
(c) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन-वृद्धि रोकना
(d) अनिवार्य सेवानिवृत्ति

33. रेल सेवक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेल सेवक को शारीरिक स्वस्थता (फिटनेस) के अपेक्षित मानदंड के अनुरूप नहीं होने के कारण सेवामुक्त किया जा सकेगा ।
2. रेल सेवक को स्थापना में कमी करने पर सेवामुक्त किया जा सकेगा ।
3. करार के अधीन नियोजित रेल सेवक की सेवाएँ, ऐसे करार की शर्तों के अनुसार समाप्त की जा सकेंगी ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

34. रेल कर्मचारी के स्थानांतरण से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संवर्ग से बाहर स्थानांतरण विधिमान्य नहीं है ।
2. निलंबनाधीन स्थानांतरण विधिमान्य है ।
3. दांडिक स्वरूप के स्थानांतरण की अनुमति नहीं दी जा सकती है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

28. Consider the following statements :

1. Rule 21 of RS (Conduct) Rules describing the restriction regarding marriage states that no Government Servant shall enter into or contract a marriage with a person having a spouse living.
2. A Government Servant who has married or marries a person other than of Indian Nationality shall forthwith intimate the fact to the Government.

Which of the above statements is are/ correct ?

(a) 1 only
(b) Both 1 and 2
(c) 2 only
(d) Neither 1 nor 2

29. Consider the following statements :

1. Every Railway Servant shall at all times; maintain absolute integrity.
2. Every Railway Servant shall at all times; maintain political neutrality.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) Both 1 and 2
(c) 2 only
(d) Neither 1 nor 2

30. Consider the following statements regarding Adhoc promotion :

1. Whether the promotion of the officer will be against public interest.
2. Whether the charges are grave enough to warrant continued denial of promotion.
3. Whether there is no likelihood of the case coming to a conclusion in the near future.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

31. Railway Board is the competent authority to communicate Government's displeasure to :

(a) retired Group 'A' officers of SA Grade
(b) retired Group 'B' officers
(c) retired Group 'C' employees
(d) retired Group 'D' employees

32. Major penalty for a Railway Servant is

(a) Withholding of promotions for a specified period
(b) Censure
(c) Withholding of increment of pay for a specified period
(d) Compulsory retirement

33. Consider the following statements regarding Railway Servant :

1. Railway Servant may be discharged due to failure to conform to the requisite standard of physical fitness.
2. Railway Servant may be discharged on reduction of establishment.
3. The services of a Railway Servant may be terminated, who is employed under an agreement, in accordance with the terms of such agreement.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

34. Consider the following statements regarding transfer of a Railway employee :

1. Transfer out of the cadre is illegal.
2. Transfer under suspension is legal.
3. Transfer punitive in nature cannot be allowed.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

35. रेल सेवक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लंबे और 15 वर्षों से अधिक समय तक तदर्थ पदोन्नति से प्रत्यावर्तन नहीं होगा ।
2. ऐसे पद पर प्रत्यावर्तन जिसे कर्मचारी ने कभी धारण नहीं किया था, विधिमान्य है ।
3. ऐसे कर्मचारी के मामले में जो उच्चतर पद पर स्थानापन्न रह कर मूल पद पर प्रत्यावर्तित हुआ, प्रत्यावर्तन दंड नहीं है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

36. रेल सेवक के लिए संबंधित नियमों के अनुसार आरोप-पत्र का उत्तर देने की समय-सीमा क्या है ?

(a) 10 दिन

(b) 40 दिन

(c) 2 मास

(d) 3 मास

37. रेल सेवक द्वारा रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के अधीन पुनर्विलोकन याचिका प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा क्या है ?

(a) 45 दिन

(b) 2 मास

(c) 3 मास

(d) 6 मास

38. निम्नलिखित में से किस मामले में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लेना आवश्यक है ?

(a) राष्ट्रपति का मूल आदेश जिसमें कोई शास्ति अधिरोपित की गई है ।

(b) रक्षा सेवाओं में सिविलियन सहित रक्षा सेवा प्राक्कलन से वेतन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को प्रभावित करने वाले अनुशासनिक मामले ।

(c) किसी भी मामले में जहाँ राष्ट्रपति राज्य की सुरक्षा के हित में सेवा से बर्खास्तगी, हटाए जाने या रैंक कम किए जाने का आदेश करने का प्रस्ताव करता है ।

(d) ऐसे मामलों में जहाँ राष्ट्रपति रेल सेवा (राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिरक्षण) नियमावली, 1964 के नियम 3 के अधीन आदेश करने का प्रस्ताव करता है ।

39. रेल प्रशासन कितने मास का नोटिस देकर अस्थायी राजपत्रित अधिकारियों की सेवाएँ समाप्त कर सकता है ?

(a) 6 मास

(b) 5 मास

(c) 4 मास

(d) 3 मास

40. नियुक्ति प्राधिकारी, यदि उसकी यह राय है कि किसी रेल सेवक को, जो श्रेणी-I या श्रेणी-II पद पर है (और 35 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले सरकारी सेवा में प्रवेश किया है) और उसने 50 वर्ष की आयु पूरी कर ली है (रेल सेवक (अनुशासन और अपील) नियमावली के नियम 2046 R-I के अधीन) सेवानिवृत्त करना लोक हित में है

(a) उसे कम-से-कम तीन माह का लिखित नोटिस देकर या ऐसे नोटिस के बदले तीन माह का वेतन और भत्ते देकर ।

(b) उसे कम-से-कम तीन माह का लिखित नोटिस देकर या ऐसे नोटिस के बदले चार माह का वेतन और भत्ते देकर ।

(c) उसे कम-से-कम तीन माह का लिखित नोटिस देकर या ऐसे नोटिस के बदले पाँच माह का वेतन और भत्ते देकर ।

(d) उसे कम-से-कम तीन माह का लिखित नोटिस देकर या ऐसे नोटिस के बदले छह माह का वेतन और भत्ते देकर ।

35. Consider the following statements regarding Railway Servants :

1. No reversion after long and ad-hoc promotion for more than 15 years.
2. Reversion to a post which the employee never held, is legal.
3. Reversion is not punishment in case of an employee officiating in higher post reverted to original post

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

36. As per Rules regarding time limit of reply to a charge-sheet for a Railway Servant is

(a) 10 days

(b) 40 days

(c) 2 months

(d) 3 months

37. The time limit for preferring of revision petition under Rule 25 of RS (D&A) Rules by the Railway Servant is

(a) 45 days

(b) 2 months

(c) 3 months

(d) 6 months

38. It is necessary to consult the Union Public Service Commission in the following case :

(a) An original order by the President imposing any of the penalties.

(b) Disciplinary matters affecting persons paid out of the Defence Services Estimates including civilians in Defence Services.

(c) In any case where the President proposes to make an order of dismissal, removal or reduction in rank in the interest of the security of the State.

(d) In cases where the President proposes to make an order under Rule 3 of the Railway Services (Safeguarding of National Security) Rules, 1964.

39. The Railway administration may terminate the services of temporary Gazetted officers after giving the notice of

(a) 6 months

(b) 5 months

(c) 4 months

(d) 3 months

40. The Appointing authority, if it is of the opinion that it is in the public interest to retire any Railway Servant (under Rule 2046 R-I of RS (D&A) rules) holding Class-I or Class-II post (and has entered the Government service before attaining the age of 35 years) and after he has attained the age of 50 years

(a) by giving him notice of not less than three months in writing or three months pay and allowances in lieu of such notice.

(b) by giving him notice of not less than three months in writing or four months pay and allowances in lieu of such notice.

(c) by giving him notice of not less than three months in writing or five months pay and allowances in lieu of such notice.

(d) by giving him notice of not less than three months in writing or six months pay and allowances in lieu of such notice.

41. निम्नलिखित में से कौन-सा नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत ***नहीं*** है ?

(a) प्रत्येक व्यक्ति को, जिसके नागरिक अधिकार प्रभावित नहीं होते हैं, उस पर लगने वाले मामले की उचित सूचना होनी चाहिए ।

(b) उसे अपने बचाव में सुनवाई का उचित अवसर मिलना चाहिए ।

(c) यह सुनवाई एक निष्पक्ष न्यायाधिकरण द्वारा, अर्थात् एक ऐसे व्यक्ति द्वारा जो न प्रत्यक्ष रूप से और न ही अप्रत्यक्ष रूप से मामले का पक्षकार हो, होनी चाहिए ।

(d) प्राधिकारी को सद्भाव से कार्य करना चाहिए और मनमाने ढंग से नहीं, बल्कि युक्तियुक्त ढंग से कार्य करना चाहिए ।

42. रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली का नियम 2308 (C.S.R. 351A) R-II किससे संबंधित है ?

(a) ऐसे रेल सेवक को पेंशन की संस्वीकृति से, जो ऐसी किसी प्रकार की हानि या अनियमितता में शामिल है जो जाँच के अधीन है

(b) पेंशन और भविष्य निधि बोनस को रोकने से

(c) हानियों की वसूली करने से

(d) नियंत्रण की शिथिलता से

43. वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) किनके लिए लिखी जाती हैं ?

(a) समूह 'क', 'ख' और 'ग' कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिए

(b) अवैतनिक कर्मचारियों के लिए

(c) अंशकालिक कर्मचारियों के लिए

(d) पहले के समूह 'घ' कर्मचारियों के लिए

44. विभागीय जाँच के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जाँच करने वाला जाँच अधिकारी उसके समक्ष साक्ष्य देने के लिए उपस्थित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

2. साक्ष्य देने के लिए आने वाला रेल सेवक यात्रा भत्ते के संदाय के लिए हक़दार होगा ।

3. सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी भी यात्रा भत्ते के लिए हक़दार हैं, यदि वे साक्षी के रूप में आते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

45. सेवानिवृत्ति के पश्चात् अनुशासनिक कार्यवाहियों की प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यदि अनुशासनिक कार्यवाहियाँ सेवानिवृत्ति से पहले आरंभ की गई हैं, तो ये सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहेंगी, लेकिन अंतिम आदेश राष्ट्रपति द्वारा पारित किया जाएगा ।

(b) यदि अनुशासनिक कार्यवाहियाँ सेवानिवृत्ति से पहले आरंभ नहीं की गई हैं, तो आरोप-पत्र राष्ट्रपति के अनुमोदन से जारी किया जा सकता है, जो अनुशासनिक प्राधिकारी होगा ।

(c) सेवानिवृत्ति के पश्चात्, घटना घटित होने की तारीख से चार वर्ष पूरे होने के पश्चात् आरोप-पत्र जारी नहीं किया जा सकता है ।

(d) पेंशन हितलाभों में कटौती करने के लिए राष्ट्रपति की मंज़ूरी प्राप्त करने के लिए भेजे गए सभी प्रस्तावों के साथ, इस संबंध में विनिर्दिष्ट समस्त कागजात और सूचना लगाई जानी चाहिए ।

41. Which one of the following is ***not*** the principle of Natural Justice ?

(a) That every person whose civil rights are not affected must have a reasonable notice of the case he has to meet.

(b) That he must have reasonable opportunity of being heard in his defence.

(c) That the hearing must be by an impartial tribunal i.e., a person who is neither directly nor indirectly a party to the case.

(d) That the authority must act in good faith and not arbitrarily, but reasonably.

42. Rule 2308 (C.S.R. 351A) R-II of RS (D&A) Rules deals with

(a) sanctioning of pension to a Railway Servant who is involved in any loss or irregularity which is the subject of inquiry

(b) withholding of pension and provident fund bonus

(c) recoveries of losses

(d) laxity of control

43. APARs are to be written for

(a) all categories of Groups 'A', 'B' and 'C' employees

(b) honorary employees

(c) part time employees

(d) erstwhile Group 'D' employees

44. Consider the following statements regarding departmental inquiries :

1. The inquiry officer holding the inquiry shall issue a certificate to every person appearing before him to give evidence.

2. Railway Servant coming as a witness shall be entitled to the payment of travelling allowance.

3. Retired Government employees are also entitled for travelling allowances if they come as witness.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

45. Which one of the following statements is ***not*** correct with reference to disciplinary proceedings procedure after retirement ?

(a) In case of disciplinary proceedings which have commenced before retirement, these will continue after retirement, but final order will be passed by the President.

(b) In case the disciplinary proceedings have not commenced before retirement, then the charge sheet can be issued with the approval of the President, who will be the disciplinary authority.

(c) After retirement, no charge sheet can be issued after the expiry of four years from the date when the event took place.

(d) All proposals sent for obtaining President's sanction for imposition of a cut in the pensionary benefits should be accompanied by complete papers and information specified in this connection.

46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) सरकारी सेवक को पूर्वव्यापी प्रभाव से हटाए जाने/पदच्युति किए जाने का आदेश नहीं दिया जा सकता है ।

(b) जब एक बार किसी कर्मचारी की चूक माफ कर दी जाती है, तो मामले को पुन: नहीं खोला जा सकता है ।

(c) जाँच रिपोर्ट आरोपी अधिकारी को अवश्य दी जानी चाहिए भले ही सांविधिक नियम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दें या इस विषय पर मौन हों ।

(d) न्यायालय को यह देखना चाहिए कि क्या जाँच रिपोर्ट की प्रति नहीं देकर आरोपी कर्मचारी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है या नहीं ।

47. रेल बोर्ड कार्यालय के समूह 'ख' अराजपत्रित अनुसचिवीय (दफ़्तरी) कर्मचारी वर्ग सहित अराजपत्रित रेल सेवकों की सभी श्रेणियों के लिए सभी शास्तियों और निलंबन का प्राधिकार किसमें निहित है ?

(a) सचिव, रेल बोर्ड

(b) संयुक्त सचिव, रेल बोर्ड

(c) उप-सचिव, रेल बोर्ड

(d) अध्यक्ष, रेल बोर्ड

48. रेल भर्ती बोर्ड के सभी अराजपत्रित रेल सेवकों के लिए सभी शास्तियों और निलंबन का प्राधिकार किसमें निहित है ?

(a) अध्यक्ष, रेल बोर्ड

(b) सचिव, रेल बोर्ड

(c) संयुक्त सचिव, रेल बोर्ड

(d) उप-सचिव, रेल बोर्ड

49. निम्नलिखित में से कौन-सी कटौती निर्वाह भत्ते से की जा सकती है ?

(a) रेल सेवक पर लगाया गया जुर्माना

(b) न्यायालय की कुर्की के संबंध में देय राशि

(c) सरकारी भविष्य निधि और परिवार पेंशन निधि के लिए अभिदान

(d) आयकर और अधिकर

50. अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1968 के नियम 21 के संदर्भ में याचिकाओं की अंतर्वस्तु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रत्येक याचिका में सभी महत्त्वपूर्ण बयान और तर्क जिन पर याचिकादाता निर्भर करता है, दिए जाएँगे ।

2. किसी भी याचिका में निष्ठाहीन, असम्मानजनक या अनुचित भाषा नहीं होनी चाहिए ।

3. प्रत्येक याचिका किसी निष्कर्ष से समाप्त होनी चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

51. अधिष्ठायी या स्थानापन्न ग़लत पदोन्नति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) जैसे ही यह पता चले कि यह पदोन्नति तथ्यात्मक ग़लती के कारण हुई है, इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए और कर्मचारी को उस स्थिति में लाया जाना चाहिए जहाँ वह ऐसी ग़लती के बिना होता ।

(b) ग़लती के आधार पर की गई अन्य कर्मचारियों की कोई परिणामी पदोन्नति/नियुक्ति को ग़लत नहीं माना जाएगा ।

(c) सिवाय इसके कि जहाँ नियुक्ति प्राधिकारी राष्ट्रपति नहीं है, पदोन्नति ग़लत थी या नहीं, इसका निर्णय अगले उच्चतर प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(d) यदि पदोन्नति अधिष्ठायी क्षमता के लिए है, तो पुष्टि करने की कार्रवाई अवश्य की जानी चाहिए ।

52. कोई भी रेल सेवक मामले को उच्चतर प्राधिकारी को भेजे बिना और उच्चतर प्राधिकारी के विशेष अनुमोदन के बिना कितनी अवधि से अधिक निलंबनाधीन *नहीं* रहेगा ?

(a) तीन मास

(b) चार मास

(c) पाँच मास

(d) छह मास

46. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Removal/Dismissal of a Government Servant cannot be ordered from retrospective effect.

(b) When once, lapse of an employee is condoned, the matter cannot be reopened.

(c) Enquiry report must be supplied to the charged officer even if the statutory rules do not permit the furnishing of the report or are silent on the subject.

(d) The courts should see whether any prejudice has been caused or not to the charged employee by not furnishing a copy of the enquiry report.

47. For all classes of non-Gazetted Railway Servants including Group 'B' non-Gazetted ministerial staff of the Railway Board Office, authority of all penalties and suspension lies with

(a) Secretary, Railway Board

(b) Joint Secretary, Railway Board

(c) Deputy Secretary, Railway Board

(d) Chairman, Railway Board

48. For all of non-Gazetted Railway Servants of Railway Recruitment Board, the authority of all penalties and suspension lies with

(a) Chairman, Railway Board

(b) Secretary, Railway Board

(c) Joint Secretary, Railway Board

(d) Deputy Secretary, Railway Board

49. Which one of the following deductions can be made from the subsistence allowances ?

(a) Fines imposed on Railway Servants

(b) Amounts due on court attachments

(c) Subscriptions to a Government provident fund and family pension funds

(d) Income tax and super tax

50. Consider the following statements regarding contents of petitions with reference to Rule 21 of D&A Rules, 1968 :

1. Every petition shall contain all statements and arguments relied upon by the petitioner.

2. No petition shall contain disloyal, disrespectful or improper language.

3. Every petition shall end with a conclusion.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

51. Which one of the following statements is correct with regard to erroneous promotion, substantive or officiating ?

(a) It should be cancelled as soon as it comes to notice that the promotion was due to factual error and employee be brought to the position where he would have been, but for such error.

(b) Any consequential promotion/ appointment of other employees made on the basis of erroneous promotion will not be regarded as erroneous.

(c) Except where the Appointing Authority is not the President, whether promotion was erroneous or not will be decided by next higher authority.

(d) If promotion is to a substantive capacity, an action to confirm must be taken.

52. No Railway Servant should continue under suspension without the case being referred to a higher authority and without the specific approval of higher authority

(a) for more than three months

(b) for more than four months

(c) for more than five months

(d) for more than six months

**53.** रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली का नियम 5(3) कब लागू होता है ?

(a) कोई व्यक्ति हटाए जाने के समय पहले से निलंबनाधीन था ।

(b) कोई व्यक्ति हटाए जाने के समय निलंबनाधीन नहीं था ।

(c) निलंबन के लिए ऐसा कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं था ।

(d) अलग करना केवल तकनीकी आधार के लिए होगा ।

**54.** निलंबन के दौरान निम्नलिखित में से किसकी हक़दारी रहती है ?

(a) शिक्षा सहायता

(b) क्वार्टर नहीं रखा जा सकता है

(c) स्थायीकरण के लिए विचार नहीं किया जाए

(d) यूनियन के पद-धारी के रूप में निर्वाचित नहीं किया जाए

**55.** अनिवार्य सेवानिवृत्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) नियमों के अंतर्गत विहित समीक्षा, सेवा के विहित 55 वर्ष की आयु के बाद भी की जा सकेगी, बशर्ते मार्गदर्शी सिद्धांतों को ध्यान में रखा गया हो ।

(b) अनिवार्य सेवानिवृत्ति के मामले में जाँच करना कर्तव्य है ।

(c) इस आदेश से लांछन नहीं लगता है, भले ही सरकारी सेवक को कतिपय आरोप वाले आधारों को उसके द्वारा माँग करने पर सूचित किया जाता है ।

(d) रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के 2046 R-II (1987 का 1802 ed.), के अधीन निर्णय लेते समय बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों का पूर्णत: पालन किया जाना चाहिए । संपूर्ण सेवावधि के इतिवृत्त की जाँच नहीं की जानी चाहिए ।

**56.** डीएआर (अनुशासन और अपील नियम) मामले में बड़ी शास्ति की प्रगति के लिए जाँच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सीवीसी/सीबीआई के लिए और रेलवे सतर्कता मामलों के लिए आदर्श समय अनुसूची क्रमशः क्या है ?

(a) 180 दिन और 180 दिन

(b) 120 दिन और 120 दिन

(c) 90 दिन और 90 दिन

(d) 120 दिन और 180 दिन

**57.** जाँच रिपोर्ट की प्रति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) अनुशासनिक प्राधिकारी जाँच रिपोर्ट प्राप्त करता है ।

(b) अनुशासनिक प्राधिकारी रिपोर्ट का अवलोकन नहीं करता है और यदि कोई कमी पाता है तो यह उसका परिहार नहीं करता है ।

(c) रिपोर्ट के संबंध में कर्मचारी अपना अभ्यावेदन अनुमत समय के भीतर अनुशासनिक प्राधिकारी को नहीं देगा ।

(d) अनुशासनिक प्राधिकारी संपूर्ण रिपोर्ट, साक्ष्य या अभिलेख, कर्मचारी के अभ्यावेदन पर विचार करेगा और यदि कोई शास्ति लगानी है, तो इसके बारे में निर्णय लेगा ।

**58.** रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 10 में, परिवर्तनों के प्रभाव से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

अनुशासनिक प्राधिकारी

1. जाँच अधिकारी या स्वयं के द्वारा की गई जाँच की जाँच रिपोर्ट की प्रति अवश्य भेजे ।
2. साक्षी की अतिरिक्त परीक्षा, यदि परीक्षा की गई है, के संबंध में अपने निष्कर्ष अवश्य भेजे ।
3. जाँच अधिकारी के निष्कर्षों से यदि कोई असहमति है, तो इसके लिए अपने स्वयं के संभावित कारण अवश्य भेजे ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

53. Rule 5(3) of RS (D&A) Rules applies when

(a) one was already under suspension when removed.

(b) one was not under suspension at the time of removal.

(c) no such provision is available for suspension.

(d) setting aside to be for technical ground only

54. Which one of the following is entitled during suspension ?

(a) Educational assistance

(b) Quarter cannot be retained

(c) May not be considered for confirmation

(d) May not be elected as office-bearer of union

55. Which one of the following statements is correct for compulsory retirement ?

(a) Review prescribed under rules may be undertaken even after the prescribed age of 55 years' service, provided the guidelines are kept in view.

(b) There is duty to hold inquiry in case of compulsory retirement.

(c) The order does cast stigma, even if grounds containing certain charge are communicated to the Government servant on his asking for such grounds.

(d) While taking decision under 2046 R-II (1802 of 1987 ed.) of RS (D&A) Rules, the guidelines laid down by the Board must be fully observed. The history of the entire period of service should not be examined.

56. Model time schedule for progress of major penalty in DAR case, completion of enquiry and submission of report for CVC/CBI and Railway vigilance cases respectively are

(a) 180 days and 180 days

(b) 120 days and 120 days

(c) 90 days and 90 days

(d) 120 days and 180 days

57. Which one of the following statements is correct regarding copy of the inquiry report ?

(a) Disciplinary Authority received the inquiry report.

(b) Disciplinary Authority does not peruse the report and if it finds a lacuna, it may not remit it.

(c) The employee will not give his representation on the report within the time allowed, to the Disciplinary Authority.

(d) Disciplinary Authority will consider the full report, evidence or record, the representation of the employee, and decide about the imposition of the penalty, if any.

58. Consider the following statements regarding impact of changes in Rule 10 of RS (D&A) Rules :

Disciplinary Authority must send

1. copy of inquiry report of Inquiry Officer or himself, if he himself held the inquiry.
2. its finding on further examination of witness, if examined.
3. its own tentative reasons for disagreement, if any, with Inquiry Officer findings.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

**59.** केंद्रीय सतर्कता आयोग जाँच रिपोर्टों को प्रस्तुत करने पर प्रथम प्रक्रम की सलाह के लिए निम्नलिखित में से कौन-से अनुदेश की सिफारिश करता है ?

(a) केंद्रीय सतर्कता अधिकारी की सभी सतर्कता रिपोर्टें अनुबंध-क में विहित किए गए प्राचलों के अनुरूप होनी चाहिए ।

(b) उनके साथ अनुबंध-ख के रूप में एक आश्वासन ज्ञापन भी लगाया जाएगा ।

(c) जाँच रिपोर्ट में शामिल संदिग्ध अधिकारियों के जीवन-वृत्त को अनुबंध-ग में दिए गए प्रारूप के अनुसार कूटबद्ध किया जाना चाहिए ।

(d) सारणीबद्ध विवरण, जैसा कि आयोग के परिपत्र सं. 01-12-2008 द्वारा विहित किया गया है, जारी रहेगा और उसे वस्तुनिष्ठ और सटीक रखा जाएगा ।

**60.** रेल कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'कारण बताओ' नोटिस एक अनंतिम निर्णय है जिसे कर्मचारी को तामील किया जाता है जब उस पर शास्ति अधिरोपित करना प्रस्तावित हो ।

2. आरोप-पत्र वह प्राथमिक दस्तावेज़ है जो अनुशासनिक जाँच को गति प्रदान करता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2 दोनों

(c) केवल 2

(d) न तो 1, न ही 2

**61.** अनुपस्थिति के आरोप से बचाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) छुट्टी को विधिवत् मंजूरी प्रदान की गई थी ।

(b) अनुपस्थिति उसके नियंत्रणाधीन कारणों के लिए थी ।

(c) उस समय घोर व आकस्मिक प्रकोपन हो गया था ।

(d) यह कृत्य किसी अन्य वरिष्ठ प्राधिकारी के आदेश के विपरीत था ।

**62.** अभियोजन साक्षी कौन होता है ?

(a) प्रशासन द्वारा अपनी ओर से आरोप को साबित करने के लिए बुलाया गया व्यक्ति

(b) अभिसाक्ष्य देने और प्रशासन के मामले को नासाबित प्रमाणित करने के लिए अपचारी पदधारी द्वारा नामनिर्देशित व्यक्ति

(c) एक पक्षकार द्वारा आहूत किया गया लेकिन उसके पक्ष में अभिसाक्ष्य नहीं देता है

(d) किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला व्यक्ति

**63.** सरकारी सेवक द्वारा साक्षी के रूप में कार्य करने से इनकार करने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) वह विभागीय जाँच में साक्षी के रूप में कार्य कर सकता है

(b) यदि इनकार करता है, तो अनुशासनिक कार्रवाई के लिए दायी नहीं होता

(c) यह बचाव साक्षी के रूप में कार्य करने की किसी की रुचि पर निर्भर करता है

(d) यह अभियोजन साक्षी के रूप में कार्य करने की किसी की रुचि पर निर्भर नहीं करता

59. Central Vigilance Commission for first stage advice on submission of investigation reports advises which one of the following instructions ?

(a) All vigilance reports of the CVO should conform to the parameters prescribed in Annexure-A.

(b) They would be accompanied by an Assurance Memo, in the form of Annexure-B.

(c) Bio-data of suspect officials, figuring in the investigation reports, should be encoded as per the format provided in Annexure-C.

(d) Tabular statements, as prescribed vide the Commission's circular dated 01-12-2008 shall continue and be kept objective and precise.

60. Consider the following statements for Railway Employees :

1. A 'Show Cause' notice is a provisional decision which is served upon an employee when it is proposed to impose a penalty on him.

2. The charge-sheet is the primary document which sets a disciplinary inquiry into motion.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) Both 1 and 2

(c) 2 only

(d) Neither 1 nor 2

61. Which one of the following statements is correct with respect to defence for absence charge ?

(a) The leave was duly sanctioned.

(b) The absence was for reasons within his control.

(c) There was a grave and sudden provocation.

(d) The act was contrary to the order of another superior authority.

62. Who is a prosecution witness ?

(a) Called upon by the administration to prove the charge on its behalf

(b) Nominated by the delinquent official to depose and disprove the case of the administration

(c) Summoned by one party but does not depose in his favour

(d) Having a special knowledge of a subject

63. Which one of the following is correct with regard to refusal of a Government servant to act as a witness ?

(a) He can act as a witness in a departmental inquiry

(b) In case he refuses, he is not liable for disciplinary action

(c) It depends upon one's choice to act as a defence witness

(d) It does not depend upon one's choice to act as a prosecution witness

64. प्रति परीक्षा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) जिस पक्ष ने साक्षी को बुलाया, उसकी अनुपस्थिति में, उस पक्ष से भिन्न पक्ष द्वारा उससे प्रश्न पूछा जाना, यदि कोई है ।

(b) अभियोजन (प्रशासन) साक्षी की प्रति परीक्षा बचाव काउंसल, यदि कोई है, द्वारा की जाएगी ।

(c) रेल कर्मचारी की अनुपस्थिति में, प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, यदि कोई है, द्वारा बचाव साक्षी की प्रति परीक्षा की जाएगी ।

(d) रेल कर्मचारी की अनुपस्थिति में, कोई अन्य व्यक्ति प्रति परीक्षा करने के लिए प्राधिकृत नहीं है ।

65. एक-पक्षीय जाँच कब न्यायोचित *नहीं* है ?

(a) जब आरोप ज्ञापन की तामील नहीं की गई हो

(b) जब अपचारी को समुचित समय दिया गया हो

(c) जब जाँच का नोटिस दिया गया है

(d) यदि अपचारी की छुट्टी की अवधि के दौरान जाँच नियत की गई है और वह जाँच के लिए उपस्थित होता है

66. निम्नलिखित में से कौन-सी, अनुशासनिक प्राधिकारी की वैध विसम्मत टिप्पणी *नहीं* है ?

(a) असहमति टिप्पणी किसी शास्ति (भले ही यह अनंतिम हो) को दर्ज किए जाने के बाद ही लिखी जानी चाहिए

(b) शास्ति के संबंध में प्रस्ताव (भले ही यह अनंतिम हो) प्रस्तुत किया जाना चाहिए

(c) असहमति के कारण दर्ज साक्ष्य पर आधारित नहीं होने चाहिए

(d) इसे जाँच रिपोर्ट के संदर्भ में होना ही चाहिए

67. समसामयिक कार्यवाहियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?

(a) प्रत्येक आरोपित अधिकारी के लिए पृथक् रिपोर्टें तैयार की जाएँ ।

(b) इसमें एक स्थगन आदेश सभी कार्यवाहियों को रोक देता है ।

(c) इसे वहाँ अपनाया जाता है जहाँ उच्चतम अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा यथा नामनिर्देशित कोई एक ही अनुशासनिक प्राधिकारी होता है ।

(d) इसमें अपचारी एक-दूसरे के विरुद्ध साक्षी नहीं हो सकते ।

68. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के नियम 14 (iii) के लिए प्रयुक्त होता है ?

(a) केवल तब जब राज्य की सुरक्षा का प्रश्न हो

(b) जाँच को अभिमुक्त करना राष्ट्रपति/राज्यपाल की संतुष्टि पर निर्भर होता है, न कि अनुशासनिक प्राधिकारी की संतुष्टि पर

(c) राष्ट्रपति/राज्यपाल केवल यही करते हैं कि जाँच को अभिमुक्त करने की अनुमति न दें

(d) राष्ट्रपति/राज्यपाल केवल "समीचीनता" के विचार से नहीं चलते

64. Which one of the following statements is ***not*** correct regarding cross examination ?

(a) It is the questioning of a witness by a party other than who called him, if any, in his absence.

(b) The cross examination of prosecution (administration) witness will be done by the Defence counsel, if any.

(c) In the absence of the Railway employee, cross examination of Defence witness will be done by the presenting officer, if any.

(d) In the absence of the Railway employee, no other person is authorized to carry out cross examination.

65. An ex-parte inquiry is ***not*** justified

(a) When the charge memorandum has not been served.

(b) When reasonable time has been given to the delinquent.

(c) When notice of inquiry is given.

(d) If inquiry is fixed during leave period of the delinquent and he turns up for inquiry.

66. Which one of the following is ***not*** a valid dissenting note of the disciplinary authority ?

(a) Disagreement note must be written after recording any penalty (even tentative)

(b) Proposal (even tentative) regarding penalty should be there

(c) Reasons for disagreement must not be based on the evidence on record

(d) Must be with reference to the enquiry report

67. Which one of the following statements is correct with regard to simultaneous proceedings ?

(a) Separate reports have to be prepared for each charged officer.

(b) In this, one stay order stays all the proceedings.

(c) It is adopted where there is a common disciplinary authority as nominated by the highest of the disciplinary authorities.

(d) In this, the delinquents cannot be the witness against each other.

68. Which one of the following is used for Rule 14 (iii) of RS (D & A) Rules ?

(a) Only when security of state is in question

(b) The satisfaction to dispense with the inquiry is to be of the President/Governor and not of the disciplinary authority

(c) What the President/Governor does is only not to permit to dispense with the inquiry

(d) The President/Governor do not go by the consideration of 'expediency' only

**69.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

निर्वाचन कार्य के निष्पादन के लिए तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस पर निर्वाचन आयोग के अनुशासनिक कृत्यों का विस्तार :

1. किसी अवज्ञा और कर्तव्य की अवहेलना के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों/पुलिस कार्मिकों को निलंबित करने तक होगा ।
2. किसी अधिकारी/कर्मचारी/पुलिस कार्मिक के स्थान पर किसी अन्य ऐसे व्यक्ति को प्रतिस्थापित करने, और स्थानापन्न किए व्यक्ति को उसके आचरण के संबंध में उपयुक्त रिपोर्ट के साथ उसके संबंधित काडर में वापस करने तक होगा ।
3. यहाँ तक होगा कि भारत सरकार, राज्य सरकार को परामर्श देगी कि वे भी उपर्युक्त सिद्धांतों और निर्णयों का पालन करें, क्योंकि काफी बड़ी संख्या में चुनाव कार्मिक उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**70.** सामान्य (कॉमन) कार्यवाहियाँ उन परिस्थितियों में अनुमत्य ***नहीं*** हैं जहाँ :

(a) दो आरोपी हों और दोनों रेलवे और केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारी हों ।

(b) एक सेवा में हो और दूसरे की मृत्यु हो चुकी हो ।

(c) जाँच का एक ही (कॉमन) फोल्डर हों ।

(d) यह डी ए नियमावली के नियम 16 के अंतर्गत आती हों ।

**71.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आरोपों का लक्षण ***नहीं*** है ?

(a) प्रत्येक पृथक् अभिकथन के लिए पृथक् आरोप

(b) आरोप की शब्दावली अभियुक्त के दोष के लिए राय की अभिव्यक्ति की तरह प्रतीत हो

(c) कोई आरोप ऐसे किसी मामले से संबंधित न हो जो पहले से ही किसी जाँच और विनिश्चय की विषय-वस्तु हुई हो

(d) एक ही आधार या एक ही अभियोजन पर आरोप को प्रवर्धित या विखंडित करने से बचा जाना चाहिए

**72.** न्यायालय-अवमान से बचने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सुनिश्चित करें कि अनुपालन हुए बिना ही आबंटित समयावधि समाप्त न हो जाए ।
2. यदि कोई अन्य उत्तरदायी हो, तो इसकी जानकारी न्यायालय के संज्ञान में लाई जानी चाहिए ।
3. यदि सलाह दी गई है, तो न्यायालय में समयावधि के विस्तार की प्रार्थना करें ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**73.** किसी मजदूर संघ के कार्मिक के लिए उपबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह किसी प्रकार का शुल्क नहीं ले सकता ।
2. वह संघ का पूर्णकालिक कार्मिक होना चाहिए ।
3. वह अपने पास लंबित 3 से अधिक लंबित मामलों की प्रतिरक्षा कर सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

69. Consider the following statements :

The disciplinary functions of the Election Commission over officers, staff and police deputed to perform election duties shall extend to

1. Suspending any officer/official/police personnel for insubordination or dereliction of duty.
2. Substituting any officer/official/police personnel by another such person, and returning the substituted individual to the cadre to which he belongs, with appropriate report on his conduct.
3. The Government of India will advise the State Government that they too should follow the above principles and decisions, since a large number of election officials are under their administrative control.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

70. Common proceedings is ***not*** permissible where

(a) Two accused are both Railway and Central/State Government employees.

(b) One is in service and the other is dead

(c) There are common folders of inquiry.

(d) It is covered by Rule 16 of D&A Rules.

71. Which one of the following is ***not*** the characteristic of charges ?

(a) Separate charge for each separate allegation

(b) The wording of charge should appear as expression of opinion as to the guilt of the accused

(c) A charge should not relate to a matter which has already been the subject matter of an inquiry and decision

(d) Multiplication or splitting up of charge on the same basis or same allegation should be avoided

72. Consider the following statements regarding avoiding Contempt of Court :

1. Ensure that allotted time is not over without compliance.
2. If someone else is responsible, it should be brought out to the court.
3. If advised, pray to the court for extension of time.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

73. Consider the following statements regarding the provisions for a trade union official :

1. He cannot take any fees.
2. He must be a full time union worker.
3. He can defend in more than 3 pending cases with him.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**74.** अराजपत्रित कर्मचारियों के सतर्कता मामलों के निपटान की कार्यविधि से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्दोष का पूर्वाभास तो लिया जाए, किन्तु लापरवाही, अक्षमता, विलंब, सत्यनिष्ठा की कमी के सिद्ध मामलों में कोई उदारता नहीं दिखाई जाए ।
2. यदि सतर्कता मानता है कि की गई कार्रवाई अपर्याप्त है, तो वे पुनरीक्षण प्राधिकारी को मामले में पुनर्विचार करने का परामर्श दे सकता है ।
3. उन मामलों में जहाँ केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा सलाह दी गई हो, वहाँ बोर्ड के पूर्वानुमोदन के बिना इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

निम्नलिखित मामले में वित्तीय न्यायोचितता आवश्यक ***नहीं*** होती है :

1. जब सुरक्षा की दृष्टि से व्यय करना अपरिहार्य है ।
2. जब व्यय रेलवे परिवहन के उपयोग की सुविधाओं से संबंधित है ।
3. जब व्यय मजदूर कल्याण कार्यों के लिए किया जाता है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**76.** सामान की श्रेणी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेलवे बोर्ड की संविदा के अंतर्गत :

1. रेल पटरी और फिश प्लेट की आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए शक्तिप्राप्त अधिकारी मुख्य इंजीनियर होता है ।
2. कास्ट आयरन, टर्नआउट स्लीपर के लिए शक्तिप्राप्त अधिकारी सचिव होता है ।
3. पूर्व-प्रतिबलित सीमेंट कंक्रीट, टर्नआउट स्लीपर के लिए शक्तिप्राप्त अधिकारी सचिव होता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

**77.** माल-सूची नियंत्रण के संबंध में निम्नलिखित प्रयोजनों पर विचार कीजिए :

1. पूँजी को निरुद्ध करने से बचने हेतु
2. वहन लागत न्यूनतम करने हेतु
3. आदेश लागत न्यूनतम करने हेतु

उपर्युक्त प्रयोजनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**78.** ABC विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) स्टॉक की गई मदों की कुल संख्या की श्रेणी (कैटेगरी) प्रतिशतता 15% है और स्टॉक की गई सभी मदों की कुल मूल्य प्रतिशतता 70% है ।
(b) स्टॉक की गई मदों की कुल संख्या की श्रेणी प्रतिशतता 10% है और स्टॉक की गई सभी मदों की कुल मूल्य प्रतिशतता 20% है ।
(c) स्टॉक की गई मदों की कुल संख्या की श्रेणी प्रतिशतता 15% है और स्टॉक की गई सभी मदों की कुल मूल्य प्रतिशतता 20% है ।
(d) स्टॉक की गई मदों की कुल संख्या की श्रेणी प्रतिशतता 80% है और स्टॉक की गई सभी मदों की कुल मूल्य प्रतिशतता 10% है ।

74. Consider the following statements regarding procedure to deal with the vigilance cases of non-Gazetted staff :

1. While the innocent should be portended, no leniency may be shown to the substantiated cases of negligence, inefficiency, delay, lack of integrity, etc.
2. If the vigilance feels that the action taken is inadequate, they may advise the revising authority to reconsider the case.
3. In case where the advice was tendered by the CVC, no deviation can be made without prior approval of the Board.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

75. Consider the following statements :

Financial justification is ***not*** necessary in the following case :

1. When the expenditure is unavoidable on consideration of safety.
2. When the expenditure relates to amenities for use of Railway transport.
3. When expenditure is incurred on labour welfare works.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

76. Consider the following statements regarding class of stores :

Under Railway Board's contracts for :

1. Rails and Fish plates, the officer empowered to arrange supplies is Chief Engineer.
2. Cast iron, turnout sleeper, the officer empowered is Secretary.
3. Pre-stressed cement concrete, turnout sleeper, the officer empowered is Secretary.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 2 only

77. Consider the following objects regarding inventory control :

1. To avoid blocking of capital
2. To minimize carrying cost
3. To minimize ordering cost

Which of the above objects are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

78. Which one of the following statements is correct with regard to ABC analysis ?

(a) A category percentage of total number of items stocked is 15% and percentage of total value of all items stocked is 70%.
(b) A category percentage of total number of items stocked is 10% and percentage of total value of all items stocked is 20%.
(c) A category percentage of total number of items stocked is 15% and percentage of total value of all items stocked is 20%.
(d) A category percentage of total number of items stocked is 80% and percentage of total value of all items stocked is 10%.

79. VED विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह स्टॉक को अनुकूलतम स्तर पर रखता है ।
2. सामान्यत: यह मदों की वार्षिक खपत मूल्य पर आधारित होता है ।
3. मदों की स्थिति की डिपो और मुख्यालय स्तर पर आवधिक रूप से पुनरीक्षा की जाती है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

80. जब रेलवे की सामग्री की नीलामी का निर्णय लिया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बिंदु स्वीकार्य *नहीं* होता है ?

(a) नीलामी COS की पूर्वानुमति के बिना ही आरंभ कर देनी चाहिए ।

(b) नीलामी के उपयुक्त संचालन के लिए डिपो अधिकारी उत्तरदायी होगा ।

(c) विक्रय से पहले विक्रय की शर्तें तैयार कर ली जानी चाहिए । रेलवे प्रशासन स्वयं नीलामी का संचालन करता है ।

(d) लेखा अधिकारी (भंडार) को नीलामी की सूचना यथासमय दे दी जानी चाहिए जिससे कि वह नीलामी विक्रय की निगरानी करने की व्यवस्था कर सके ।

81. निम्नलिखित अनुभागों में से कौन-सा एक अनुभाग, उत्पादन नियंत्रण संगठन का मुख्य अनुभाग *नहीं* है ?

(a) उत्पादन नियंत्रण

(b) उत्पादन प्रगति

(c) निरीक्षण

(d) खरीद

82. कर्मशाला के मजदूरों के लिए भुगतान की लिफाफा (एनवेलप) प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

लेखा अधिकारी को भुगतान के लिए भुगतान लिपिकों को नामनिर्देशित करते समय, दिशानिर्देशों का पालन करना होगा कि :

1. नामनिर्देशित किए जाने वाले लेखा लिपिकों को परस्पर बदला जाए और किसी लिपिक को प्रत्येक मास (लगातार) एक ही बैच नहीं दिया जाना चाहिए ।
2. केवल भुगतान शीट पारित होने के बाद ही लिपिक का चयन किया जाना चाहिए ।
3. जहाँ तक संभव हो सके भुगतान शीट पारित करने वाले लिपिक को इसी भुगतान शीट से भुगतान किए जाने का कार्य नहीं सौंपा जाना चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

83. रेलवे बोर्ड, महा प्रबंधक के सीधे नियंत्रण में विभाग अध्यक्ष या कार्यालय या परियोजना प्रधान या रेलवे बोर्ड में अनुभाग अधिकारी के रैंक से ऊपर के अधिकारियों की पेंशन की स्वीकृति और वसूली के लिए सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित में से कौन होता है ?

(a) महा प्रबंधक

(b) विभागाध्यक्ष/परियोजना अध्यक्ष

(c) सचिव, रेलवे बोर्ड

(d) रेलवे बोर्ड

84. पुराने पेंशनभोगियों (80 साल से लेकर 85 साल से कम आयु) के लिए उपलब्ध पेंशन की मात्रा निम्नलिखित में से किसके अनुसार बढ़ती है ?

(a) मूल पेंशन का 20% (पेंशन की अतिरिक्त मात्रा)

(b) मूल पेंशन का 30% (पेंशन की अतिरिक्त मात्रा)

(c) मूल पेंशन का 35% (पेंशन की अतिरिक्त मात्रा)

(d) मूल पेंशन का 40% (पेंशन की अतिरिक्त मात्रा)

**79.** Consider the following statements regarding VED Analysis :

1. It keeps the stocks at optimum level.
2. It is normally based on annual consumption value of items.
3. The position of items is reviewed periodically at depot and headquarters level.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**80.** Which one of the following point is ***not*** acceptable when it is decided to auction the Railway material ?

(a) Auction should be started without the prior permission of COS.

(b) The depot officer will be responsible for proper conduct of the auction.

(c) The conditions of sale should be drawn up before the sale. Railway Administration conducts the auction itself.

(d) The account officer (store) should be given timely intimation of the auction to enable him to arrange to witness the auction sale.

**81.** Which one of the following sections is ***not*** the main section of production control organization ?

(a) Production control

(b) Production progress

(c) Inspection

(d) Purchase

**82.** Consider the following statements regarding envelope system of payment to workshop labour :

The Accounts officer has to observe the guidelines while nominating the payment clerks for payment :

1. The Account clerks to be nominated should be interchanged and the same batch should not be given every month (consecutively) to any clerk.
2. The selection of the clerk should be made only after passing of the pay sheets.
3. As far as possible, the pay sheet passing clerk should not be entrusted with the payment against the same pay sheet.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**83.** Competent authority for sanctioning pension and recovering for Head of Department or Office or Project directly under the control of Railway Board, General Manager and officers above the rank of section officer in Railway Board is

(a) General Manager

(b) Head of Department/Project

(c) Secretary, Railway Board

(d) Railway Board

**84.** The quantum of pension available to the old pensioner (from 80 years to less than 85 years of age) increases as follows :

(a) 20% of basic pension (additional quantum of pensions)

(b) 30% of basic pension (additional quantum of pensions)

(c) 35% of basic pension (additional quantum of pensions)

(d) 40% of basic pension (additional quantum of pensions)

85. कुटुंब पेंशन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) कुटुंब पेंशन, पेंशनभोगी की मृत्यु के बाद आरंभ होती है ।

(b) कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) अपेक्षित नहीं होता है ।

(c) कुटुंब पेंशन आरंभ करने के लिए पेंशनभोगी का मृत्यु प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं होता है ।

(d) अविवाहित पुत्री जिसका नाम पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) में नहीं है, वह कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के योग्य होती है ।

86. रेल सेवक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई रेल सेवक दौरे पर रहने के दौरान यदि आकस्मिक छुट्टी/प्रतिबंधित छुट्टी लेता है, तो वह उस छुट्टी की अवधि के लिए दैनिक भत्ता लेने का हकदार नहीं होता ।

2. ड्यूटी करने वाला रेल सेवक यदि चलती ट्रेनों के प्रभार से सीधे संबद्ध है, तो वह यात्रा भत्ता का हकदार नहीं होगा अपितु वह रनिंग भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा ।

3. रेल सेवक को उस स्थिति में दौरे पर माना जाएगा जब वह अपने ड्यूटी क्षेत्र से बाहर अपने नियंत्रण अधिकारी की स्वीकृति से मुख्यालय से अनुपस्थित ड्यूटी पर हो ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

87. रेल सांख्यिकी निम्नलिखित मूलभूत कारकों पर आधारित ***नहीं*** होती है :

(a) मात्रा

(b) दूरी

(c) समय

(d) सामग्री

88. NTkm प्रति वैगन दिवस को WTR या फिर Wkm प्रति वैगन दिवस की तुलना में प्रचालन दक्षता का उत्तम सूचकांक माना जाता है क्योंकि :

(a) यह एक दिन में प्रति वैगन औसत दूरी के संबंध में ढुलाई किए गए टनों की संख्या को दर्शाता है ।

(b) इसमें व्यस्त अवधि और शिथिल अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाता ।

(c) इसमें भंग, बाढ़ या इसी प्रकार की अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न अपसामान्य परिस्थितियों पर विचार नहीं किया जाता ।

(d) इसमें पुराना हो जाने के कारण कार्यसाधक स्टॉक में वृद्धि पर विचार नहीं किया जाता ।

89. ग्रीन बुक में क्या होता है ?

(a) A से आरंभ होकर निरंतर G तक, सात अनुसूचियाँ

(b) A से आरंभ होकर निरंतर F तक, छह अनुसूचियाँ

(c) A से आरंभ होकर निरंतर E तक, पाँच अनुसूचियाँ

(d) A से आरंभ होकर निरंतर D तक, चार अनुसूचियाँ

90. निम्नलिखित प्रचालनों में से कौन-सा एक प्रचालन माल यातायात की बुकिंग से संबद्ध ***नहीं*** है ?

(a) स्वीकृति

(b) परीक्षण

(c) चिह्नांकन (मार्किंग)

(d) माल उतराई

85. Which one of the following statements is correct regarding family pension ?

(a) Family pension commences after the death of the pensioner.

(b) In order to receive family pension, PPO is not required.

(c) Death certificate of the pensioner is not needed to initiate family pension.

(d) Unmarried daughter whose name is not in the PPO is eligible for family pension.

86. Consider the following statements regarding Railway Servant :

1. A Railway Servant, who takes casual leave/R.H. while on tour is not entitled to draw daily allowance for the period of leave.

2. Railway Servants performing duty directly connected with the charge of moving trains are not entitled to travelling allowance but to running allowance.

3. A Railway Servant is considered to be on tour when absent on duty from his headquarters with the sanction of the controlling officer, beyond his sphere of duty.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

87. The Railway statistics is ***not*** based on the following basic factors :

(a) Quantity

(b) Distance

(c) Time

(d) Material

88. NTkm per wagon day is considered to be a better index of operating efficiency than either WTR or Wkm per wagon day as :

(a) it represents the number of tonnes carried in relation to distance per wagon on average in a day.

(b) it does not take into account the busy period and the slack period.

(c) it does not take into consideration the abnormal condition caused due to breaches, floods or other such natural calamities.

(d) it does not take into consideration an increase in effective stock owing to its being over-aged.

89. The Green Book consists of

(a) seven schedules, running from A to G

(b) six schedules, running from A to F

(c) five schedules, running from A to E

(d) four schedules, running from A to D

90. Which one of the following operations is ***not*** connected with the booking of goods traffic ?

(a) Acceptance

(b) Examination

(c) Marking

(d) Unloading

**91.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के वैगन पंजीकरण में शुल्क के भुगतान से छूट दी जाती है ?

(a) सैनिक साखपत्र के अंतर्गत बुक किया गया सैनिक यातायात

(b) स्थानांतरण पर रेलवे कर्मचारियों का घरेलू सामान

(c) रेलवे अधिकारियों द्वारा पदीय हैसियत में बुक की गई रेलवे सामग्री और भंडार

(d) निजी चिकित्सक का घरेलू सामान

**92.** निम्नलिखित क्रियाकलापों को समाहित करते हुए वेब दावों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कंप्यूटर अनुभाग (MIS - रिपोर्ट बनाना)
2. इंडेक्स अनुभाग (केस एंट्री अनुभाग)
3. डीलिंग अनुभाग (किसी मामला विशेष की सभी कार्यवाहियों विषयक कार्य)

उपर्युक्त में से कौन-से क्रियाकलाप सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**93.** सुरक्षा सीमा (मार्जिन ऑफ़ सेफ्टी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह कुल बिक्री और संतुलन स्तर बिंदु पर बिक्री के आँकड़ों के मध्य अंतर होता है ।
2. सुरक्षा सीमा का आकार व्यापार की प्रबलता के लिए एक अत्यंत मूल्यवान मार्गदर्शक होता है ।
3. यदि सुरक्षा सीमा बड़ी होती है, तो इसका तात्पर्य होता है कि बिक्री में बड़ी गिरावट आ सकती है और फिर भी लाभ पाया जा सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**94.** यदि किसी वर्ष के लिए नियत लागत ₹ 40,000 है, प्रति इकाई परिवर्ती लागत ₹ 2 है, अनुमानित बिक्री ₹ 1,00,000 है, विक्रय की गई इकाई की संख्या 10,000 है, प्रति इकाई विक्रय मूल्य ₹ 10 है, तो संतुलन स्तर बिंदु निम्नलिखित में से क्या होगा ?

(a) ₹ 60,000

(b) ₹ 50,000

(c) ₹ 40,000

(d) ₹ 45,000

**95.** यदि किसी वर्ष के लिए नियत लागत ₹ 40,000 है, प्रति इकाई परिवर्ती लागत ₹ 2 है, प्रति इकाई विक्रय मूल्य ₹ 10 है और वांछित लाभ ₹ 30,000 हो, तो कुल बिक्री क्या होगी ?

(a) ₹ 87,500

(b) ₹ 90,500

(c) ₹ 92,500

(d) ₹ 95,500

**96.** संतुलन स्तर चार्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह एक ऐसा ग्राफ है जो उत्पादन के विभिन्न स्तरों पर संभावित लाभ या हानि को दर्शाता है ।

(b) यह एक ऐसा ग्राफ है जो परिवर्ती लागत और नियत लागत के मध्य संबंध दर्शाता है ।

(c) यह एक ऐसा ग्राफ है जो संतुलन स्तर बिंदु को दर्शाता है ।

(d) यह एक ऐसा ग्राफ है जो सुरक्षा सीमा (मार्जिन ऑफ़ सेफ्टी) को नहीं दर्शाता है ।

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोजन भविष्य निधि से स्वीकार्य अंतिम निकासी के लिए उपयुक्त ***नहीं*** है ?

(a) चिकित्सा – अभिदाता या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी व्यक्ति के चिकित्सा व्यय की पूर्ति के लिए

(b) विवाह – आश्रित रिश्तेदारों और अभिदाता के स्वयं के या उसके बच्चों के विवाह के व्यय की पूर्ति के लिए

(c) शिक्षा – बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए

(d) आमोद-प्रमोद के लिए विभिन्न देशों का दौरा करना

**91.** Which one of the following wagon registrations is exempted from payment of the fee ?

(a) Military traffic booked on military credit notes

(b) Household effects of Railway staff on transfer

(c) Railway materials and stores when booked by Railway officials in official capacity

(d) Household effects of private doctor

**92.** Consider the following statements regarding the web claims covering the activities :

1. Computer section (MIS-report generation)
2. Index section (case entry section)
3. Dealing sections (dealing with all the proceedings of a particular case)

Which of the above activities are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**93.** Consider the following statements regarding margin of safety :

1. This is the difference between total sales and the sales figure at break-even point.
2. The size of the margin of safety is an extremely valuable guide to the strength of a business.
3. In case margin of safety is large, this means that there can be substantial falling off in sales and yet a profit can be made.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**94.** If fixed cost for the year is ₹ 40,000, variable cost per unit is ₹ 2, sales estimated is ₹ 1,00,000, number of units sold are 10,000, sale price per unit is ₹ 10, then the break-even point is

(a) ₹ 60,000

(b) ₹ 50,000

(c) ₹ 40,000

(d) ₹ 45,000

**95.** If fixed cost for the year is ₹ 40,000, variable cost per unit is ₹ 2, sale price per unit is ₹ 10, and profit desired is ₹ 30,000, then turnover is

(a) ₹ 87,500

(b) ₹ 90,500

(c) ₹ 92,500

(d) ₹ 95,500

**96.** Which one of the following is ***not*** correct for break-even charts ?

(a) It is a graph which shows likely profits or losses at different levels of output.

(b) It is a graph which shows relationship between variable cost and fixed cost.

(c) It is a graph which shows the break-even point.

(d) It is a graph which does not show margin of safety.

**97.** Which one of the following purposes is ***not*** suitable for final withdrawal admissible from provident fund ?

(a) Medical – for meeting expenses of subscriber or any person actually dependent on him

(b) Marriage – for meeting marriage expenses of dependent relatives and subscriber and his children

(c) Education – for higher education of children

(d) Tour of different countries for enjoyment

**98.** रेलवे कर्मशाला में कार्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय कारखाना अधिनियम, 1948 में, उपबंधित किया गया है, कि किसी कारखाने (कर्मशाला) में एक सप्ताह में कार्य के घंटे 48 घंटे से अधिक नहीं होंगे ।
2. WMIS का उद्देश्य कोच अनुसार लागत निर्धारण है ।
3. लागत केंद्र उपागम पर आधारित संशोधित लागत निर्धारण प्रणाली रेल इंजन (लोकोमोटिव) मरम्मत वर्कशॉप में लागू की गई ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**99.** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) द्वारा दिए गए निर्णय के परिणामस्वरूप नई निर्माण लाइन के किसी अनियत मजदूर को ₹ 1 लाख व्यय का भुगतान किया गया । इस राशि को किस शीर्ष के अंतर्गत रखा जाएगा ?

(a) प्रभारित व्यय

(b) राजस्व अनुदान

(c) आकस्मिकता निधि

(d) देय माँग

**100.** चल भत्तों (रनिंग एलाउंस) का भुगतान किसको *नहीं* किया जाता है ?

(a) इंजन (लोको) ड्राइवर (मेल)

(b) लोको विभाग का फायरमैन

(c) टी.टी.ई.

(d) सहायक ड्राइवर लोको विभाग

**101.** एक वर्ष के दौरान हिंदी सलाहकार समिति की कितनी बैठकें आयोजित करना अपेक्षित होता है ?

(a) कम-से-कम चार

(b) कम-से-कम एक

(c) कम-से-कम पाँच

(d) कम-से-कम छह

**102.** राजभाषा अधिनियम किस वर्ष में अस्तित्व में आया ?

(a) 1962

(b) 1963

(c) 1964

(d) 1965

**103.** भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अधीन हिंदी संघ की राजभाषा है ?

(a) अनुच्छेद 340

(b) अनुच्छेद 341

(c) अनुच्छेद 342

(d) अनुच्छेद 343

**104.** मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समिति में ग़ैर-सरकारी सदस्यों की संख्या निम्नलिखित किस संख्या से अधिक *नहीं* होगी ?

(a) 20

(b) 30

(c) 15

(d) 10

**105.** एक वर्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की कितनी बैठकें आयोजित करना अपेक्षित होता है ?

(a) वर्ष में बारह, प्रत्येक माह के लिए एक

(b) वर्ष में दो, प्रत्येक छमाही के लिए एक

(c) वर्ष में चार, प्रत्येक तिमाही के लिए एक

(d) वर्ष में तीन, प्रत्येक चार माह के लिए एक

98. Consider the following statements regarding work in Railway workshop :

1. Indian Factories Act, 1948 provides that the hours of work in a factory (workshop) shall not exceed 48 hours in a week.
2. WMIS aims at coach-wise costing.
3. A revised costing system has been introduced in locomotive repair workshops based on cost centre approach.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

99. An expenditure of ₹ 1 lakh paid to the casual labour of new construction line as a result of decision given by CAT, will be

(a) Charged expenditure
(b) Revenue grants
(c) Contingency fund
(d) Demands payable

100. Running allowance is ***not*** paid to

(a) Driver of Loco (Mail)
(b) Fireman of Loco department
(c) T.T.E.
(d) Assistant driver Loco department

101. How many meetings of Hindi Salahkar Samiti are required to be held during a year ?

(a) At least four
(b) At least one
(c) At least five
(d) At least six

102. The Official Languages Act came into being in the year :

(a) 1962
(b) 1963
(c) 1964
(d) 1965

103. Hindi is the official language of the Union, under which one of the following Articles of the Constitution of India ?

(a) Article 340
(b) Article 341
(c) Article 342
(d) Article 343

104. The numbers of non-official members in Hindi Salahkar Samitis in Ministries should ***not*** exceed :

(a) 20
(b) 30
(c) 15
(d) 10

105. How many meetings of Official Language Implementation Committee are required to be held in a year ?

(a) Twelve in a year, one for each month
(b) Twice in a year, one every six months
(c) Four in a year, one every quarter
(d) Three in a year, one every four months

106. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) आकस्मिक छुट्टी किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ मिला कर स्वीकृत की जा सकती है ।

(b) आकस्मिक छुट्टी किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ मिला कर स्वीकृत नहीं की जा सकती है ।

(c) अर्जित छुट्टी उपलब्ध होने पर आकस्मिक छुट्टी स्वीकृत नहीं की जा सकती ।

(d) आकस्मिक छुट्टी अग्रिम रूप से स्वीकृत नहीं की जानी चाहिए ।

107. प्रतिकर छुट्टी निम्नलिखित में से किसको स्वीकृत की जा सकती है ?

(a) समूह 'क' कर्मचारी

(b) राजपत्रित समूह 'ख' कर्मचारी

(c) एआईएस (AIS) अधिकारी

(d) समूह 'ग' कर्मचारी

108. समयोपरि भत्ता निम्नलिखित में से किसको स्वीकृत किया जाता है ?

(a) समूह 'क' कर्मचारी

(b) राजपत्रित समूह 'ख' कर्मचारी

(c) एआईएस (AIS) अधिकारी

(d) समूह 'ग' कर्मचारी

109. रेलवे जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, नई दिल्ली निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यालय है ?

(a) रेल मंत्रालय का क्षेत्र कार्यालय

(b) रेल मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय

(c) रेल मंत्रालय का अधीनस्थ कार्यालय

(d) पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली के नियंत्रणाधीन

110. केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, इलाहाबाद किस प्रकार का संगठन है ?

(a) रेल मंत्रालय का क्षेत्र संगठन

(b) रेल मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय

(c) रेल मंत्रालय का अधीनस्थ कार्यालय

(d) ग्रामीण विद्युतीकरण संगठन का संबद्ध कार्यालय

111. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के मुख्यालय अहमदाबाद में हैं ।

(b) पूर्व और दक्षिण पूर्व रेलवे दोनों के मुख्यालय भुवनेश्वर में हैं ।

(c) मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के मुख्यालय मुंबई में हैं ।

(d) पूर्व और दक्षिण पूर्व रेलवे दोनों के मुख्यालय हैदराबाद में हैं ।

112. रेलवे भर्ती बोर्ड निम्नलिखित में से किस प्रकार का कार्यालय है ?

(a) वित्त मंत्रालय के नियंत्रणाधीन

(b) व्यय मंत्रालय के नियंत्रणाधीन

(c) गृह मंत्रालय के नियंत्रणाधीन

(d) रेल मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय

**106.** Which one of the following statements is correct ?

(a) Casual leave can be granted in combination with any other kind of leave.

(b) Casual leave cannot be granted in combination with any other kind of leave.

(c) Casual leave cannot be granted when earned leave is available.

(d) Casual leave should not be granted in advance.

**107.** Compensatory leave can be granted to :

(a) Group 'A' employees

(b) Gazetted Group 'B' employees

(c) AIS officers

(d) Group 'C' employees

**108.** An overtime allowance is granted to :

(a) Group 'A' employees

(b) Gazetted Group 'B' employees

(c) AIS officers

(d) Group 'C' employees

**109.** Office of the Railway Liaison Officer, New Delhi, is

(a) a field office of the Ministry of Railways

(b) an attached office of the Ministry of Railways

(c) a subordinated office of the Ministry of Railways

(d) under the control of Directorate General of Supplies and Disposals, New Delhi

**110.** The Central Organization for Railway Electrification, Allahabad is

(a) a field organization of the Ministry of Railways

(b) an attached office of the Ministry of Railways

(c) a subordinate office of the Ministry of Railways

(d) an attached office of the Rural Electrification Organization

**111.** Which one of the following statements is correct ?

(a) Both Central and Western Railways have their Headquarters at Ahmedabad.

(b) Both Eastern and South Eastern Railways have their Headquarters at Bhubaneswar.

(c) Both Central and Western Railways have their Headquarters at Mumbai.

(d) Both Eastern and South Eastern Railways have their Headquarters at Hyderabad.

**112.** The Railway Recruitment Boards are

(a) under the control of Ministry of Finance

(b) under the control of Ministry of Expenditure

(c) under the control of Ministry of Home Affairs

(d) subordinate offices under Ministry of Railways

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) रेल रेट अधिकरण हैदराबाद में अवस्थित है ।

(b) रेल रेट अधिकरण रेल मंत्रालय का अधीनस्थ कार्यालय नहीं है ।

(c) रेल रेट अधिकरण मुंबई में अवस्थित है ।

(d) रेल रेट अधिकरण चेन्नई में अवस्थित है ।

**114.** बजट लक्ष्यों के साथ वास्तविक वित्तीय निष्पादन का मूल्यांकन और मिलान करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ?

(a) बजट व्यवस्था

(b) पूर्वानुमान

(c) मानीटरन

(d) प्रसरण विश्लेषण

**115.** "मामला" (CASE) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) अपनी सेवा के मामले में कर्मचारी द्वारा न्यायालय के समक्ष दायर किया गया मामला

(b) आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष किसी महिला कर्मचारी द्वारा दर्ज की गई शिकायत

(c) कोई चालू फ़ाइल या आवती अन्य संबंधित दस्तावेज़ सहित, यदि कोई हो

(d) न्यायालय के समक्ष किसी सेवा मामले में जनसाधारण द्वारा दायर मामला

**116.** "केंद्रीय रजिस्ट्री संख्या" (C.R. No.) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) किसी कर्मचारी की गोपनीय रिपोर्ट को निर्धारित की गई संख्या

(b) केंद्रीय रजिस्ट्री द्वारा डाक रजिस्टर में किसी डाक को निर्धारित की गई क्रम संख्या

(c) गोपनीय रिपोर्ट में श्रेणी निर्धारण के आधार पर किसी कर्मचारी द्वारा अर्जित अंक

(d) कार्यालय की रिपोर्टों में श्रेणी निर्धारण के आधार पर जनसाधारण द्वारा अर्जित अंक

**117.** "डैस्क" (DESK) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) किसी अधिकारी को उसके प्रशासन के लिए आबंटित भू-भागीय ज़ोन

(b) किसी विशिष्ट रैंक के अधिकारी के लिए दी जाने वाली फर्नीचर की मद

(c) वह स्थान जहाँ सरकारी फ़ाइलें/दस्तावेज़ रखना अपेक्षित है

(d) किसी विभाग के अंदर सौंपे गए विशिष्ट कार्य को करने वाला अधिकारी-अभिमुख कार्य यूनिट

**118.** "निर्गम" (ISSUE) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) किसी मामले में जारी पत्रादि

(b) किसी विशेष फ़ाइल की विषय-वस्तु

(c) बोर्ड की बैठक में विचारार्थ विषय

(d) सार्वजनिक बैठक में विचारार्थ विषय

**119.** "कार्यवृत्त" (MINUTE) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) किसी विषय या मामले के सूक्ष्म विवरण

(b) राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री अथवा मंत्री द्वारा रिकॉर्ड किया गया टिप्पण

(c) किसी सरकारी समारोह के लिए बनाई गई समय अनुसूची

(d) किसी सार्वजनिक समारोह के लिए बनाई गई समय अनुसूची

**120.** "अनुभाग" (SECTION) शब्द का अर्थ क्या है ?

(a) किसी अधिनियम/विधि का कोई उपबंध जिस पर आश्रित हों

(b) ऐसे कर्मचारियों का समूह जो किसी अधिकारी विशेष के अधीन कार्य कर रहे हों

(c) किसी विभाग के भीतर एक मूल कार्य यूनिट, सामान्यत: जिसका अध्यक्ष अनुभाग अधिकारी होता है

(d) ऐसे कर्मचारियों का समूह जो एक विभाग के अधीन कार्य करते हैं

**113.** Which one of the following statements is correct ?

(a) Railway Rates Tribunal is located at Hyderabad.

(b) Railway Rates Tribunal is not a subordinate office of the Ministry of Railways.

(c) Railway Rates Tribunal is located at Mumbai.

(d) Railway Rates Tribunal is located at Chennai.

**114.** The process of evaluating and comparing the actual financial performance with the budgeted targets is known as

(a) Budgeting

(b) Forecasting

(c) Monitoring

(d) Variance analysis

**115.** The term "CASE" means

(a) A case filed by an employee in this service matter before a court of law

(b) A complaint filed by a woman employee before the internal complaints committee

(c) A current file or a receipt, together with other related papers, if any

(d) A case filed by public in any service matter before a court of law

**116.** The term "C.R. No." means

(a) The number assigned to the confidential report of an employee

(b) The serial number assigned by the central registry to the Dak in the Dak register

(c) The points earned by any employee on the basis of the grading in the confidential report

(d) The points earned by public on the basis of the grading in the office reports

**117.** The term "DESK" means

(a) A territorial zone allotted to an officer for his administration

(b) The item of furniture given to an officer of a specific rank

(c) The place where official files/papers are required to be kept

(d) An officer-oriented work unit within a department with a specific task assigned to it

**118.** The term "ISSUE" means

(a) A communication issued in a case

(b) The subject matter of a particular file

(c) The topic of discussion in a board meeting

(d) The topic of discussion in a public meeting

**119.** The term "MINUTE" means

(a) The finer detail of any subject or issue

(b) A note recorded by the President, the Vice President, the Prime Minister or a Minister

(c) The time schedule set for an official function

(d) The time schedule set for a public function

**120.** The term "SECTION" means

(a) The provision of an Act/Law which is being relied upon

(b) The group of employees who are working under a particular officer

(c) The basic work unit within a department, generally headed by a section officer

(d) The group of employees who are working under one department

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : GHYT-B-PXT**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## Paper II

## (Procedure and Practice, Categories III)

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 150***

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES ***NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case, you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE.**

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।